Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)


(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-03-2022 | अंक 174

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


## संपादकीय

## कश्मीर फाइल्स एक बेहतरीन डॉक्यूमेंट्री, आखिर पूर्व की सरकार अब खामोश क्यों रही



डॉ अनिल कुमार

आज कल एक फ़िल्म कश्मीर फाइल्स बहुत सुर्खियां बटोर रही है और पूरे देश को इस फ़िल्म ने झिंझोर कर रख दिया है।कंटेंट के आधार पर इसे डॉक्यूमेंट्री ही कहा जाना चाहिए क्योंकि यह एक तरह से 89 - 90 में कश्मीरी पंडितों के साथ एक वर्ग विशेष के कुछ लोगो द्वारा किये गए अत्याचार और हिंसा का सजीव वर्णण है और यह सच के करीब है। मगर एक तथ्य पर गौर करने की जरूरत है ,आखिर क्यों हिंदुस्तान के एक प्रदेश में इस अत्याचार को घटित होने से रोका नही गया ।और यह घटना एक दिन में तो हुआ नही ?राज्य और केंद्र सरकार के एजेंसीज ने सरकार को सतर्क क्यों नही किया और हिंदुस्तान में हिन्दू कश्मीरी ब्राह्मणों को अपने ही देश मे यह जुल्म और विस्थापन का दंश झेलना पड़ा? क्या 30-32 वर्षों में किसी भी सरकार ने इन विस्थापित पंडितो का वापस लाने का कार्य नही किया,इच्छा शक्ति की कमी रही है यह मेरा मानना है चाहे सरकारें कांग्रेस की रही हों या इरच की ।क्यों एक फिल्मकार के आगे आ कर फ़िल्म के माध्यम से देश के सामने सच्चाई को सामने लाना पड़ा? फिल्मे मनोरंजन का माध्यम होना चाहिए न कि इतिहास को चित्रण करने का।कल कोई और फिल्मकार तमाम विवादित और अप्रिय घटनाओं पर फ़िल्म बनाना शुरू कर दे और फ़िल्म को एक कमर्शियल या पोलिटिकल एंगल से टेंपरिंग करके जनता के सामने प्रस्तुत करना सुरु कर दे तो माहौल जहरीला होते देर नही लगेगी क्योंकि दोनों तरफ सियासतदान मौके का फायदा उठाने के लिए तैयार बैठे रहतें हैं। फिल्मकार भी मुनाफा कमाने के लिए वास्तविक तथ्यों को तोर -मरोड़ करेंगे ही। प्रश्न यह भी है कि फिल्मकार के नाते हमारा लक्ष्य क्या होना चाहिए ।मनोरंजन या गंभीर संदेश जो जन भावनओं को उद्वेलित करे ।इसे तै करना होगा। एसा न हो कि आने वाले समय मे ऐय्शी फ़िल्म बनने का दौर आ जाय जहां फिल्मकार कमर्शियल हितों को ध्यान में रखते हुए विवादित तथ्यों को अपने हिसाब से मिर्च मशाला लगा कर देश को देखने पर मजबूर कर दे और ये फिल्में ब्लॉकबस्टर बन कर 100 - 500 करोड के क्लब में शामिल हो जाये । एक बेहतरीन डoक्यूमेंट्री जिसमे बहुत ही जबरदस्त निर्देशन और कलाकारों का जीवंत अभिनय है हमे देखना चाहिए लेकिन अपने पैसो से और अपनी रुचि से ।

## छत से गिरकर युवक हुआ घायल



बरही थाना अंतर्गत केदारूत निवासी शरून कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेंद्र भुइयां छत से गिरकर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## आपसी विवाद में हुइ मारपीट में तीन घायल एक रेफर

चौपारण प्रखंड अंतर्गत पीपरा निवासी सीता देवी उम्र 85 वर्ष पति स्व टुकन साव, सकलदेव साव उम्र 35 वर्ष एवं बेबी देवी उम्र 30 वर्ष आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रा. थमिक उपचार किया गया। वहीं सीता देवी को गंभीर चोट होने के कारण सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## नाली में गिरकर युवक घायल, रेफर

सतीश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता भोला साव टॉल प्लाजा के नजदीक नाली में फिसलकर गिर गए। जिनसे उनकी पैर में गंभीर चोट आ गई। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# बरही अनुमंडल में लगा धारा 144, उल्लंघन करने वालो पर सख्ती से निपटेगी अनुमंडल प्रशासन : पूनम कुजूर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एसडीओ पूनम कुजूर





एसडीपीओ नाजिर अख्तर

आपदा प्रबंधन के निर्देश के आलोक में बरही अनुमंडल में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया।

**इन गतिविधियों पर रहेगा प्रतिबंध**

1.किसी भी प्रकार के जुलूस निकाले जाने पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध 2. परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार एवं अग्नेयस्त्र का प्रदर्शन, परिवहन एवं परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। ( प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों/पुलिस कर्मियों को छोड़कर) 3. पांच या इससे अधिक व्यक्ति का नाजायज समूह बनाकर किसी भी क्षेत्र में घूमना या सभा करना 4. लाठी/तेज हथियार अथवा किसी भी प्रकार का सशस्त्र आदि के साथ घूमना या सभा करना। अनुज्ञप्ति में वर्णित क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में जुलूस/प्रदर्शन निकालना। अनुमंडल पदाधिकारी या अन्य प्राधिकृत पदाधिकारी के आदेश के बिना उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर सुसंगत कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाई की जाएगी। परंतु यह आदेश पुलिस प्रशासन तथा विधि व्यवस्था में लगे कर्मियों एवं पदाधिकारियों पर लागू नहीं होगा। 5. ध्वनि विस्तारक अधिनियम- 1955 का अनुपालन करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियम - की धारा में निर्धारित मानक स्तर पर ध्वनि उत्पन्न हो तथा 6.00 बजे सुबह से रात 10.00 बजे रात्रि तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा सकेगा। 6. रामनवमी वर्ष 2022 के अवसर पर सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक एवं अन्य तरह की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ सांप्रदायिक मैसेज/ऑडियो/वीडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध। उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति/एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। 7. कोविड - 19 के मद्देनजर सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का अनुपालन हर हाल में करना सुनिश्चित करेंगे। 8. परीक्षा केंद्र में प्रवेश हेतु मास्क/सामाजिक दूरी का पालन करना सु. निश्चित करेंगे। 9. यह निषेधज्ञा आदेश शव यात्रा एवं शादी विवाह पर लागू नहीं होगा।

वहीं बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश का सख्ती से पालन किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जारी किए गए दिशानिर्देश का उल्लंघन करने पर भा0दा0सं0 - 1860 की धारा 188 के तहत आपदा प्रबंधन एक्ट - 2005 की धारा 51 - 60 के अंतर्गत की जाएगी।

# मातृ शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्र सेविका समिति का है अहम योगदान : त्रिवेणी साहू

## गयात्री मंदिर परिसर में राष्ट्र सेविका समिति (आर एस एस)की संघ मंडली का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आरएसएस की संघ मंडली में शामिल महिलाएं

राष्ट्र सेविका समिति (आर एस एस) की बरही की ओर से गायत्री मंदिर परिसर में प्रथम बार 32 मातृशक्ति की उपस्थिति में संघ मण्डली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रारंभ में रश्मि कुमारी के द्वारा सुक्ष्म व्यायाम- खेल के पश्चात राष्ट्र सेविका समिति का परिचय कराते हुए बताया कि यह भारत की स्त्रियों की एक संस्था है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दर्शन के अनुरूप कार्य करती है। इसकी स्थापना 1936 विजयादशमी के दिन वर्धा में श्रीमती लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा हुई। वर्तमान में लगभग 30 हजार स्थानों पर समिति कार्य कर रही है। निशा देवी के द्वारा देश हमें देता है सब कुछ गीत का गायन संपन्न हुआ। पश्चात तारा देवी के द्वारा अमृत वचन की प्रस्तुति की गई। मुख्य वक्ता त्रिवेणी साव जी ने कहा कि - भारत समाज के उत्थान में मातृशक्ति का सदैव उच्च स्थान रहा है। मातृशक्ति को देवी के रूप में देखती है राष्ट्र माता जीजाबाई, नेतृत्व रानी लक्ष्मीबाई और कर्तृत्व की दृष्टि से देवी अहिल्याबाई होल्कर का अमूल्य योगदान रहा है । माता को प्रथम गुरु के रूप में देखा जाता है। स्त्री शक्ति के जागरण ,प्रबोधन एवं संगठन द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य बहुविध सेवा के कार्य चलाए जाते हैं ।आर एस एस का महिला विंग नहीं बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ आर एस एस के समांतर चलने वाला संस्था राष्ट्र से. विका समिति है ।इस समिति आगामी प्रांतीय प्रशिक्षण संघ शिक्षा वर्ग पलामू की विस्तृत जानकारी दी गयी। आगामी समिति की मासिक संघ मंडली पुनरू 27 अप्रैल 4:30 बजे सायंकाल इसी गायत्री मंदिर में ही करने का निणर्य हुआ। कंचन गुप्ता जी के द्वारा आशीर्वचन उद्बोधन ष्यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताष की सार्थकता पूरा करते हुए उपस्थित मातृशक्ति को अपने कर्मपथ पर डटे रहने का आह्वाहन किए एवं हिन्दु परंपरागत नववर्ष एवं बच्चों का जन्मदिन मनाने के लिए प्रेरित किए। अंत में जुली कुमारी जी के द्वारा राष्ट्र से. विका समिति की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। उक्त कार्यक्रम में ।प्रो रामपदार्थ शर्मा, अनिता देवी, सविता देवी अन्यान्न 32 मातृशक्ति उपस्थित थी।


APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## टीबी से बचने को लेकर रानीचुवा में कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रानी. चूवा के आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया रीता मुर्मू शामिल हुई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मुखिया रीता मुर्मू ने कहा की 2025 तक हमारा पंचायत टीबी मुक्त पंचायत होगा। वहीं टीबी के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा की

**टीबी के लक्षण**

भूख न लगना, कम लगना तथा वजन अचानक कम हो जाना बेचौनी एवं सुस्ती छाई रहना, सीने में दर्द का एहसास होना, थकावट रहना व रात में पसीना आना। हलका बुखार रहना, हरारत रहना। खाँसी आती रहना, खाँसी में बलगम आना तथा बलगम में खून आना। कभी-कभी जोर से अचानक खाँसी में खून आ जाना। गर्दन की लिम्फ ग्रंथियों में सूजन आ जाना तथा वहीं फोड़ा होना। गहरी साँस लेने में सीने में दर्द होना, कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में परेशानी आदि। महिलाओं को टेम्प्रेचर के साथ गर्दन जकड़ना, आँ खें ऊपर को चढ़ना या बेहोशी आना ट्यूबरकुलस मेनिन्जाइटिस के लक्षण हैं। पेट की टी. बी. में पेट दर्द, अतिसार या दस्त, पेट फूलना आदि होते हैं। टी.बी. न्यूमोनिया के लक्षण में तेज बुखार, खाँसी व छाती में दर्द होता है।

**टी.बी. का उपचार**

टी.बी. के उपचार की शुरुआत सीने का एक्स-रे लेकर तथा थूक या बलगम की लेबोरेटरी जाँच कर की जाती है। आजकल टी.बी. के उपचार के लिए अलग-अलग एंटीबायो. टिक्स/ एंटीबेक्टेरियल्स दवाओं का एक साथ प्रयोग किया जाता है। यह उपचार लगातार बिना नागा 6 से 9 महीने तक चलता है। इस रोग की दवा लेने में अनियमितता बरतने पर, इसके बैक्टीरिया में दवाई के प्रति प्रतिरोध क्षमता उत्पन्न हो जाती है। इससे बैक्टीरियाओं पर फिर दवा का असर नहीं होता। यह स्थिति रोगी के लिए खतरनाक होती है। एंटीबायोटिक्स ज्यादा प्रकार की देने का कारण भी यही है कि जीवाणुओं में प्रति. रोध क्षमता पैदा न हो जाए। उपचार के दौरान रोगी को पौष्टिक आहार मिले, वह शराब-सिगरेट आदि से दूर रहे।बच्चों को टी.बी. से बचने के लिए बी.सी.जी. का टीका जन्म के तुरंत बाद लगाया जाता है। अब ये माना जाने लगा है कि बीसीजी के टीके की इसमें कोई भूमिका नहीं है। टीबी की रोकथाम के लिए मरीज के परिवारजनों को भी दवा दी जाती है, ताकि मरीज का इन्फेक्शन बाकी सदस्यों को न लगे जैसे पत्नी, बच्चे व बुजुर्ग अदि। इसके लिए उन्हें आइसोनेक्स की गोली तीन माह तक दी जाती है। मौके पर पिंकी देवी, खुशबू देवी, गायत्री कुमारी, पूजा कुमारी, जीरवा देवी, बबिता देवी, चिंतामन साव, संगीता देवी, सुंदरी देवी, महेंद्र कुमार, आशा कुमारी एवं ननकी देवी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## समाजसेवी राकेश पांडेय ने जनता को मुफ्त में दिखाई द कश्मीर फाइल्स




**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**

चौपारण : द कश्मीर फाइल्स को देखने के लिए अब गांव से भी लोग शहर के सिनेमा घरों तक पहुंच रहें हैं। दो दिन पूर्व जहां सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जहां दर्जनों भाजपाइयों ने द कश्मीर फाइल्स को देखने बरही गए थे। वहीं मंगलवार को समाजसेवी राकेश पांडेय ने ग्राम दैहर से 72 लोगों को फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने के लिए एक बस से हज़ारीबाग़ ले गए और सभी को मुफ्त में द कश्मीर फाइल्स को दिखाया। इस अवसर पर समाजसेवी राकेश पाण्डेय ने बताया कि यह फिल्म सभी देशवासियों को देखनी चाहिए क्योंकि उन्नीस सौ नब्बे में काश्मीर में जो अत्याचार हुआ था उसको बड़ी बारीकी से इसमें फिल्माया गया है। इसमें सत्य को दिखाया जा रहा है जिसकी हम सबको जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान अर्जुन सिंह ,करुणाकर पांडे, कैलाश पांडे, राकेश पांडे ,बबन सिंह, राकेश रंजन,धनु साहू ,रामदेव राय, सुरेश दांगी ,सुरेंद्र पांडे, श्याम कृष्ण पांडे ,बुद्धराज पांडे, उदय पांडे, विजय पांडे, देव कुमार दांगी,राम कुमार पांडे ,विनय सिंह,अशोक पासवान, अशोक सिन्हा, विनोद राय,राजकुमार सिंह,कुलदीप पांडे,राम प्रसाद पासवान,सुरेश राम दांगी,मनोज दांगी,सुरेंद्र पाण्डे,मुकेश पांडे,कुलदीप पांडे,लक्ष्मण पांडे,विजय दांगी,रविन्द्र पांडे, आनंद पाण्डे सहित अन्य लोग शामिल थे।




## पूर्व विधायक ने दुगोला कार्यक्रम का किया उदघाटन

### भक्ति भजन भी भगवान के आराधना करने का माध्यम है : मनोज यादव



**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**

चौपारण झापा पंचायत स्थित दानगुरी निवासी सुरेश दाँगी के मृतक माता के श्राद्ध कार्यक्रम में आयोजित दुगोला कार्यक्रम का उदघाटन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। इससे पहले पूर्व विधायक ने अपने समर्थकों संग मृतक के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दिया। भोजपुरी गायक मंटू दाँगी व ढोलक वादक गोलू दाँगी के मृतक नानी के श्राद्ध कार्यक्रम में आये अतिथियो को भगवा वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मृतक प्राणी से अपने जीवन मे जरूर अच्छे कर्म की होगी जिसका परिणाम है कि आज हमसब यहां एकत्रित हुए है। पूर्व विधायक ने मृतक आत्मा से कामना किया कि आप जहां भी रहे अपने पीड़ित परिवार पर सदैव अपनी कृपा बनाये रखें। कहा भक्ति भजन भी भगवान के आराधना करने का एक माध्यम है। दुगोला कार्यक्रम झारखण्ड और बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी गायकों के बीच आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव, सांसद प्रति. निधि मुकुंद साव, महामंत्री आशीष सिंह, भोजपुरी गायक जन्मजेय सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, समाजसेवी सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, युवा नेता राकेश रंजन, सुरेंद्र पांडेय, देव कुमार दाँगी, गंदौरी दाँगी, इंद्रदेव दाँगी, रवि गुप्ता, मुरारी सिंह, ईश्वरी यादव, शिवकुमार यादव, कैलाश दाँगी सहित दर्जनों लोग हैं




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


# RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X$^{th}$ Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26$^{th}$ Jan & 15$^{th}$ Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



# PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस











फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग




तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में कोविड 19 टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ।

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग गिरिडीह की ओर से कोविड-१९ टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 12 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का टीकाकरण का प्रथम डोज विद्यालय में दिया गया।टीकाकरण में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वैक्सीन का औयह टीका पूर्णरुपेण सुरक्षित है। इसे बच्चों को निर्भीक हो कर लेना चाहिए।टीकाकरण रोग गंभीरता से लोगों को बचाने में कारगर साबित हो रहा है।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारा टक्कर, व्यक्ति की हुई मौत

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



गांडेय नवोदय विद्यालय के समीप सोमवार की देर रात 45 वर्षीय हरीश किस्कू की मौत सड़क हादसे में हो गई. मृतक गांडेय के धर्मपुर गांव का रहने वाला था. बताया जा रहा कि हरीश अपनी पत्नी लोबिन के साथ बाइक से बाजार जा रहा था. इसी दौरान नवोदय विद्यालय के समीप एक ट्रैक्टर ने हरीश और उसकी पत्नी को टक्कर मार दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद गांडेय थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनों को अस्पताल भेजा. इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही रास्ते में हरीश किस्कू की मौत हो गई. इधर पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है. पुलिस की माने तो जब्त ट्रैक्टर में अवैध पत्थर लोड था. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## बंदरकुप्पी में रामनवमी और चौती दुर्गा पूजा कमिटी की हुई बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी में रामनवमी एवम चौती दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई सम्पन।जिसमे समिति के सभा अध्यक्ष के रूप में जय प्रकाश सिंह को चुनकर सभा को शुरू किया गया ।जिसमें पूजा पर विशेष ध्यान रखते हुए।की किस प्रकार पूजा करना है और किस प्रकार की वेवस्था करनी हो इस पर चर्चा हुई। साथ साथ समिति को नया चुनाव नही हुआ।मेला का आयोजन पर भी बिचार विमर्श किया गया।वही अजित शास्त्री ने पूजा के नियमो को बताया कि किस दिन अश्टमी ओर नवमी है। वह भी बताया।साथ ही साथ बताया कि कलश स्थापना 2 अप्रैल को है उसी दिन से पूजा प्रारंभ हो जाएगी। इसमें मुख्य रूप से पालमो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र पांडेय,पूजा समिति के अध्यक्ष दिलीप साव, उपाध्यक्ष पप्पू यादव,सचिव आकाश गुप्ता,कोषाध्यक्ष अशोक साव,महामंत्री अनिल साहू,चेतलाल साव, हृदय साव, आनंद कुमार,प्रेमजीत,पुजारी प्रमोद गुप्ता,बालदेव हजाम, वार्ड सदस्य प्रभकार पांडेय ब्राह्मण विष्णु पांडेय ,वार्ड सदस्य बाबूचंद साव, सक्सेना,देवानन्द साव आदि उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में 2900 परीक्षार्थी होंगे मैट्रिक व इंटर परीक्षा में शामिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

राज्य में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है। इसे लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दोनों परीक्षाओं को लेकर विष्णुगढ़ में सात केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पांच विष्णुगढ़ तथा दो केन्द्र बनासो में हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से निगाह रखी जा रही है। इसके अलावा शौचालय, पीने का पानी, कुर्सी, बेंच-डेस्क समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई है। विष्णुगढ़ में मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट के लगभग 2900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में 724 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय केन्द्र में मैट्रिक के 563 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें परियोजना बालिका उवि के 287, उवि गो. विन्दपुर के 171, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 69 तथा झारखंड आवासीय विद्यालय टाटीझरिया के 36 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं, बालिका मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में 190 परीक्षार्थी शामिल होंगे। राजकीय मवि चेडरा में 252 परीक्षार्थी, बनासो परियोजना उवि में 300, मवि बनासो में 126, परियोजना बालिका उवि विष्णुगढ़ में 245 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं, इंटर की परीक्षा के लिए प्लस टू उवि में 753, मवि विष्णुगढ़ में 216, परियोजना बालिका उवि में 290 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## गावां में जीपीएल सीजन-4 का हुआ शानदार शुभारंभ, आठ टीमें है शामिल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गांवा खेल मैदान में मंगलवार को आईपीएल के तर्ज पर जीपीएल सीजन 4 का शानदार शुभारंभ किया गया। खेल का शुभारंभ धनवार के पूर्व विधायक रा. जकुमार यादव व जिप सदस्य इमरान अंसारी ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया। ईस दौरान राज कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर मिलता है। जीप सदस्य इमरान अंसारी ने कहा कि जीपीएल के आयोजन से पूरे प्रखण्ड में हर्ष का माहौल है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि अब भी गावां में एक बेहतर खेल मैदान की आवश्यकता है जहां खेल कर यहां के बच्चे कुछ बेहतर कर सके और अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सके। आयोजन में पहला मैच माल्डा मास्टर और कंप्यूटर पैलेस गांवा के बीच खेला गया जिसमें कंप्यूटर पैलेस के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 62 मनाया। वही माल्डा मास्टर के टीम 63 रनों के लक्ष्य को महज सात ओवर में ही चार विकेट के नुकसान पर हासिल किया। वही उद्घाटन मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए विजय कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## रामनवमी पूजा मनाने को लेकर किया गया कमिटी का विस्तार

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



रामनवमी को लेकर बैठक करते हुए लोग

प्रतापपुर(चतरा) :- प्रतापपुर प्रखंड के महूँगाई गाँव में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया जिसमे अध्यक्ष प्रमोद पासवान, उपाध्यक्ष अनुज कुमार चंद्रवंशी(पत्रकार), सचिव मंदीप यादव, सह सचिव धर्मेंद्र यादव व कोषाध्यक्ष पापु यादव को सर्व सम्मति से बनाया गया। इसी बीच पूजा को शांति वातावरण में संपन्न करने की बात की गई, रामनवमी के जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने की बात रखी। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से शोभा यात्रा निकलने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रमोद पासवान व संचालन उपाध्यक्ष अनुज कुमार चंद्रवंशी ने किया। वहीं बैठक में जुलूस निकलने को लेकर सदस्यों की कार्यकारणी समिति बनाई गयी व सभी कार्यकारणी को कार्यभार सौंपा गया। इस दौरान मौके पर रवि कुमार चंद्रवंशी, आशीष कुमार, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, प्रमिल कुमार भारती,पंकज कुमार गुप्ता, संतोष पा. सवान, अखलेश पासवान, नंदू पासवान, उमेश पा. सवान, युगेश यादव, दुलार. चंद यादव, दीपू यादव, उपेंद्र पासवान, उपेंद्र भारती, संतोष यादव, ललन भारती, विकास भारती, कमलेश यादव, राकेश शर्मा, रौशन यादव, राहुल पासवान, मनोज पा. सवान, संदीप यादव, दिलीप यादव, आलोक यादव, उपेंद्र यादव, उपेंद्र चौधरी, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र यादव शामिल थे।

## कान्हाचट्टी के हॉस्पिटल में पहली बार हुआ दिब्यांग शिविर का आयोजन

### कन्हाचट्टी विकलांगता शिविर में उमड़ी भीड़

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हाचट्टी में उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर सिविल सर्जन एस एन सिंह ने मंगलवार को कान्हाचटी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में विकलांगता शिविर का आयोजन किया गया। ईस तरह का आयोजन कन्हाचट्टी प्रखंड में पहली बार हुआ।इस आयोजन से प्रखंड के जनता काफी खुश नजर आ रही थी।कई ग्रामीणों ने कहा कि चतरा जाने में उन्हें काफी परेशानी होती थी उस परेशानी से हम लोग बच गए। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदा. धिकारी डॉक्टर सिमरेला बालमूचू ने बताई की इस विकलांगता शिविर में 110 लोगों की जांच किया गया जो लोग अगर बच गए होंगे ।वे कल चतरा में आकर अपनी जांच करवा ले इस कार्य मे डॉ आदित्य शेखर डॉ मनीष कुमार के अलावे स्वास्थ्य विभाग की टीम लगी हुई थी। इस अवसर पर वीडियो हुलास महतो भी उपस्थित थे।इधर इस शिवीर का निरीक्षण करने के दौरान बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि प्रखण्ड में इस तरह का शिविर लगना जिससे जनता को ज्यादा परेशानी न होना पड़े ये काबिले तारीफ है।मौके पर महेश दास,सेविका, सहायिका,जल सहिया आदि मौजूद थीं।

दिनांकः 22-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

## नहीं रहे नवज्योति आजाद क्लब के सदस्य सह कलाकार बीरु सोनी , शोक व्यक्त

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव नवज्योति आजाद क्लब के सदस्य 63 वर्षीय वीरू सोनी की निधन सोमवार को हो गई। वे पिछले कई वर्षो से शुगर रोग से ग्रसित थे। उनके निधन पर बड़कागांव के नाट्य मंच एवं संगीत कलाकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शव यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुवे।अंतिम संस्कार पीपल नदी श्मशान घाट में किया गया मुखाग्नि छोटे पुत्र विकास कुमार सोनी ने दिया। बताते चलें कि 80 के दशक में फिल्म शोले के तर्ज पर शोले नाटक



बीरु सोनी (फाइल फोटो)

खेली गई थी। जिसमें वीरू सोनी ने बहुत ही खूबसूरती से वीरू का रोल निभाया था जिसमें उनकी कलाकारी का काफी प्रशंसा ली थी। 3 वर्ष पूर्व गरीकलां उच्च विद्यालय शिक्षक के रूप में रिटायर हुए थे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से बृजेश वर्मा, लखन विश्वकर्मा, सांवर अग्रवाल, बैजनाथ रजक, राजू सोनी, सांवरमल अग्रवाल शंभू चौरसिया, राज किशोर प्रसाद, प्रदीप जयसवाल, आदित्य सोनी, अनु विश्वकर्मा, रमेश अग्रवाल, प्रकाश सोनी, रामधनी विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा ,गौतम वर्मा रंजीत विश्वकर्मा के अलावा अन्य शामिल हैं।

## गावां में कुष्ठ रोगों की पहचान और बचाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावा के सभागार में मंगलवार को कुष्ठ रोगियों व साहियाओ को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रोसी अ०फिसर ड०क्टर कालिदास मुर्मू एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डिमियम फाऊंडेशन कामदेव बेसरा उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कुष्ठ रोगियों को पहचान करने हेतु प्रशिक्षित किया और लोगों को जागरूक किया कि कई लोग अपने कुष्ठ रोग को छुपाने का प्रयास करते हैं जिससे समय



अनुसार उनका इलाज नहीं हो पाता है। सहियाओ को कुष्ठ रोगियों को पहचानने हेतु प्रशिक्षण देकर निर्देश दिया गया कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करें। साथ ही वैसे विकलांग जो कुष्ठ रोग से पीड़ित हैं उनकी कुष्ठ रोग और ज्यादा ना पड़े इसको लेकर के भी उन लोगों को प्रशिक्षित किया गया ताकि रोग को बढ़ने से बचाया जा सके। मौके पर प्रभारी चिकित्सक डॉ चंद्रमोहन कुमार, बीटीटी राजदा खातून, शिशिर उपाध्याय, सहिया नुसरत प्रवीण अनु देवी आदि दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

## कान्हाचट्टी के युवक की बक्सा जलाशय में डूबने से हुई मौत

### मृतक की पहचान कैंडीनगर के अंकित के रूप में किया गया

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

बक्सा जलाशय में नहाने के क्रम में एक युवक डूब गया जिससे उसकी मौत हो गयी । युवक की पहचान 20 वर्षिय अंकित कुमार पिता नागेंद्र कुमार कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कैं. डनगर के रूप में किया गया है । युवक अपने मामा सेरद निवासी शिक्षक कामदेव रविदाश के घर आया हुआ था । इस घटना की सूचना आस पास के लोगों को जब मिली तो इसकी सूचना पुलिस को दी गयी । इधर युवक के शव को स्थानीय मछुवारों ने नाव के सहारे खोज कर निकाला गया। इस घटना की सूचना पाकर हज़ारों की संख्या में महिला पुरुष घटनास्थल पर जमा हो गए । युवक के शव को निकालकर



परिजन व पुलिस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी ले गए जहाँ चिकित्सक ने यूवक को मृत घोषित कर दिया । इधर थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने युवक के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है ।इधर जब इसकी सूचना कैंडीनगर गांव में मिली तो गांव के सैकड़ो लोग इटखोरी पहुंचे ।मृत्यु की सूचना के बाद गांव में मातम पसर गया ।मृतक मृदुभाषी युवक के रूप में जाना जाता था ।घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है ।युवक की शव को अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया ।गांव में युवक की शव आते ही गांव में चीत्कार मच गया।

## केंद्रीय सरना समिति की बैठक 25 मार्च को सायल बगीचा में होंगी

### बैठक में समाज के हित में लिए जाएंगे कई अहम निर्णय

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी प्रखंड इकाई के एक दिवसीय बैठक 25 मार्च दिन,शुक्रवार को समय 9:30 बजे,स्थान सायल बगीचा के मैदान में आयोजित की गई है ।इस बैठक में कान्हाचट्टी प्रखंड के विभिन्न गावों में निवास करने वाले चार आदिवासी समुदाय,उरांव, मुंडा खरवार,बिरहोर,जनजातीय समाज की बैठक रखी



गई। है इस बैठक में आदिवासी समाज के युवा –युवतियों एवं महिला –पुरुष के लोग बैठक में शामिल होंगे, तथा आदिवासी समाज के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, कार्यकर्त्ता को भी सादर आमंत्रित किया गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार नें दिया। खरवार ने कहा कि बैठक में कई अहम बिन्दुओ पर समाज के उत्थान की चर्चाएं होंगी।

## सचिन बने उच्चाघाना रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के उच्चाघाना में चौती दुर्गा पूजा सह रामनवमी के आयोजन को लेकर दुर्गा मंडप प्रांगण में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बिशुन महतो व संचालन नंदकिशोर महतो ने किया। पूजा सह रामनवमी को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिन कुमार मनोनीत किए गए। वहीं, बिशुन महतो संयोजक, डेगलाल कुमार सचिव, दिलीप कुमार महतो कोषाध्यक्ष, प्रकाश महतो उपाध्यक्ष तथा नागेन्द्र कुमार उपसचिव



बैठक में शामिल ग्रामीण

चुने गए। इसके अलावा निगरानी समिति में कपिलदेव चौधरी, ग्राम प्रधान मुनीलाल महतो, सुखलाल महतो, कपिलदेव कुमार आदि का चयन किया गया। मौके पर विशेश्वर महतो, डेगलाल महतो, गोविंद महतो, रामेश्वर महतो, नेमचंद महतो, धनेश्वर महतो, परमेश्वर महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हजरत दाता मेहराब शाह की मजार पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में हजरत दाता मेहराब शाह रहमतुल्लाह अलैय का 87वां दो दिवसीय सलाना उर्स महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर इस्लामिया अंजुमन कमेटी चेडरा द्वारा गाजे-बाजे के साथ चादरपोशी जुलूस निकाली गई। विष्णुगढ़ के मुख्य मार्गो से होते हुए जुलूस मजार शरीफ पहुंची। जहां दाता मेहराब शाह बाबा की मजार पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर शांति, सौहार्द एवं सलामती की दुआएं मांगी। चादरपोशी में विष्णुगढ़ के अलावा हजारीबाग, सरिया, नवादा, बनासो, मुरगांवो, सारुकुदर, गैड़ा, बरांय, बगोदर, डुमरी, गोमियां समेत कई इलाकों से भी बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। जायरीनों की सुविधा के लिए कमेटी द्वारा प्रांगण में विशेष इंतजाम किए



हजरत दाता मेहराब शाह की मजार पर चादरपोशी करने जाते अकीदतमंद

गए थे। मजार प्रांगण में शिरनी और चादर की कई दुकानें सजी थी। वहीं, मजार प्रांगण में दिनभर कव्वाली का मुकाबला चलता रहा। मंगलवार को उर्स महोत्सव का समापन हुआ। मजार पर पहुंचे जायरीनों ने बताया कि हजरत दाता मेहराब शाह शांति, मजहबी एकता व सौहार्द के दूत थे। उनकी मजार पर चादरपोशी करने से सभी दुआएं कुबूल होती हैं और बरकत भी होती है। आयोजन में सेराज खान, शमशुल हक, सब्बीर शेख, असगर खान, इकबाल खान, एनुल खान, अब्दुल अजीज खान, रियाज खान, वाहिद खान, सफीक खान, हफीज खान, एहसान खान, वसी अहमद, कमरुद्दीन खान, समशेर खान आदि की अहम भूमिका रही।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## खरटी में बच्चों के साथ किया फुटबॉल का वितरण :मंटू राय

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के अंतर्गत ग्राम खरटी में आज दिन मंगलवार को बरमसिया पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार मंटू राय ने खरटी गांव के बच्चों के साथ किया फुटब०ल का वितरण भावी मुखिया उम्मीदवार मंटू राय ने कहा कि फुटब०ल खेल एक अच्छा शारीरिक व्यायाम है। यह बच्चों और युवाओं के साथ ही अन्य आयु वर्ग के लोगों के लिए भी विभिन्न लाभ प्रदान करता है। यह आमतौर पर, स्कूल और क०लेजों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए खेला जाता है। यह विद्यार्थियों के कौशल, एकाग्रता स्तर और स्मरण शक्ति को सुधारने में मदद करता है। यह वो खेल है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रुप से स्वस्थ और अच्छा बनाता है। यह मनोरंजन का महान स्रोत है, जो शरीर और मन को तरा-ताजा करता है। यह व्यक्ति को दैनिक जीवन की सामान्य समस्याओं का सामना करने में मदद करता है।इसका नियमित रुप से अभ्यास करते हैं, उन्हें बहुत से तरीकों से लाभ मिलता है। यह शारी- रिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत से लाभ प्रदान करता है।साथ ही सोनू राय महेंद्र वर्मा भीम वर्मा कटोनि वर्मा महेश वर्मा दिवाकर वर्मा राजदेव वर्मा भोलटु वर्मा वा दर्जनों ग्रामीणों उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय किसान संगोष्ठी आयोजित

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखण्ड के दलिया गांव में पर्णहरित प्रोड्यूसर लिमिटेड के बैनर तले कृषक जागरुकता हेतु प्रखण्ड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बतौर जिला कृषि पदाधिकारी गिरिडीह सुरेन्द्र कुमार सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत खेती के लिए पूर्ण रूप से नयी तकनीक के साथ खेती करने की आवश्यकता है एवं रासायनिक खाद के बजाय जैविक खाद का प्रयोग लाभदायक होगा। विशिष्ट अतिथि बतौर समाज सेवी सह सदस्य कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची प्रभा देवी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कुशल कृषक बनने से पूर्व उन्हें प्रशिक्षण लेकर प्रशिक्षित होना आवश्यक है।जिसे समय समय पर कृषि विज्ञान केन्द्र गिरिडीह के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। शीघ्र ही इन क्षेत्रों में भी एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजित करवाने का प्रयास करुंगी।उन्होंने मि. हलाओं को भी कृषि कार्य के रूप में मशरुम उत्पादन,बकरी पालन के क्षेत्र में आगे आने की अपील की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से आईडिया के कृष्ण मुरारी शर्मा,बीटी एम पवन गुप्ता, कम्पनी के डायरेक्टर विवेक वर्मा, सुरेश वर्मा, इन्द्र जीत वर्मा, विष्णु नारायण वर्मा,इस्लाम अंसारी, ताहिर अंसारी,राजू प्रसाद वर्मा,राजू रजक,जानकी महतो,सरिता देवी,बेबी देवी इत्यादि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कृषकों ने भाग लिया।

## दस सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा गिरिडीह इकाई द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज मंगलवार को गिरिडीह मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक पर दस सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा गिरिडीह इकाई ने धरना प्रदर्शन किया। आज के धरना प्रदर्शन का नेतृत्व मोर्चा के गिरिडीह जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने किया और संचालन भिखी राम पा. सवान ने किया। धरना प्रदर्शन में सरकार विरोधी नारे लगाए गए और दस सूत्री मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की गई अन्यथा पूरे देश भर के 31राज्यों के 563जिलामुख्यालयों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। आज के इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से नरुल नबी, प्रवीण कुमार, मुख्तार अंसारी, किशोरी रविदास, रित्लाल वर्मा, राजेश रवि, सतीश कुमार, साहिद रजा, वीणा वर्मा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल का पांचवी स्थापना दिवस कल, कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




भगवान बागी रोड स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल की पांचवी स्थापना एवं शहीद दिवस आज को मनाई जाएगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, थाना प्रभारी गौतम कुमार समेत झारखंड प्रशासनिक पदाधिकारी हरी नाथ महतो, महादेव महतो ,खोपलाल राम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी विकास सेवा समिति का अध्यक्ष दशरथ कुमार, विद्यालय प्रबंधन के सचिव सिकंदर सोनी ने दी।उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले ट०प टेन बच्चों को नगद राशि व ट्र०फी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम को 3100, द्वितीय को 2100, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 1100 नगद तथा अन्य सफल टॉप 10 प्रतिभागियों को मेडल व ट्र०फी देकर सम्मानित किया जाएगा।







APEM LIVE